**बिहार सरकार**

# समाहरणालय, दरभंगा
## (कल्याण प्रशाखा)
## नामांकन–सूचना
## प्राक्–परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र,
## अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग

HC
Notify among students
Skm
10/6/25

2

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के इंटर/स्नातक उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के लिए SSC/BPSC सेवाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन–पत्र का आमंत्रण।**

राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्राक्–परीक्षा केन्द्र, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, (प्रेस परिसर) दरभंगा में संचालित है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में क्रमशः **एस0एस0सी0 एवं बी0पी0एस0सी0** कोर्स में 60–60 सीट कुल–120 सीट हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। उपलब्धता के आधार पर महिलाएँ एवं दिव्यांगों को क्रमशः 35% एवं 3% की वरीयता दी जायेगी।

छात्र/छात्राओं का चयन संबंधित विशय के बहुवैकल्पिय लिखित परीक्षा के माध्यम से मेंघा सूची के आधार पर किया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान आवास की व्यवस्था नहीं है।

**छात्र/छात्रा की पात्रता**:–1. आवेदन बिहार राज्य का मूल निवासी हो। 2. अनुसूचित जाति/जनजाति का सदस्य हो। 3. एक विद्यार्थी अधिकतम दो बार प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में अध्ययन कर सकते है बशर्ते दोनों कोर्स अलग–अलग हो अर्थात एक पाठ्यक्रम में एक ही बार अध्ययन कर सकेंगे। 4. अभिभावक की वार्शिक आय अद्यतन 2.50 लाख (दो लाख पचास हजार) रूपये से कम हो। 5. छात्र/छात्रा **इंटर (एस0एस0सी0 कोर्स हेतु) एवं स्नातक (बी0पी0एस0सी0 कोर्स हेतु)** उत्तीर्ण हो।

**प्रशिक्षण की अवधि**:– छः माह

**छात्रवृत्तिः–** छात्रवृत्ति की राशि विभाग द्वारा आवंटन प्राप्त होने पर प्रदान की जायेगी, परंतु छात्र/छात्राओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी उपस्थिति वर्ग में **75%** से कम न हो।

**छात्रवृति की राशिः–** दरभंगा जिला के स्थाई निवासी छात्र/छात्राओं को रू 1500/– एवं जिला के बाहरी छात्र/छात्राओं को रू 3000/– मासिक छात्रवृति 75% उपस्थिति के आधार पर देय है।

**आवेदन कैसे करें** :– आवेदन पत्र को निम्नांकित विहित प्रपत्र में सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र यथा मैट्रीक का प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि अंकित हो। आधार कार्ड, बैंक पासबुक,जाति,आवासीय प्रमाण पत्र एवं "आय प्रमाण पत्र एक साल के अन्दर का होना चाहिए" इत्यादी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ स्वपता लिखित लिफाफा 40(चालीस) रूपये का डाक टिकट एवं चार फोटो (पासपोर्ट साईज संलग्न कर निदेशक, प्राक्–परीक्षा केन्द्र, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्याल (प्रेस परिसर),दरभंगा को स्वयं उपस्थित होकर या निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजा जा सकता है।

स्थानीय छात्र/छात्राएँ प्राक्–परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक आवेदन फार्म जमा कर सकते है।

**आवेदन की अंतिम तिथिः–** प्राक्–परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र,ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, (प्रेस परिसर) दरभंगा में आवेदन–पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि–01.07.2025 तक है।

| | |
|---|---|
| परीक्षा की संभावित तिथि | :– जुलाई 2025 के द्वितीय सप्ताह। |
| वर्ग प्रारंभ होने की तिथि | :– 01.08.2025 से |
| प्रशिक्षण–व–परीक्षा शुल्क | :– निःशुल्क। |

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 005415 (Welfare) 25-26**

जिला कल्याण पदाधिकारी,
दरभंगा

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**